पूर्वांचल के सरकारी स्कूल पढ़ाई-लिखाई और अनुशासन जैसे मानकों पर अव्वल

चर्चा में क्यों?

30 अक्तूबर, 2023 को उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग की अगस्त-सितंबर माह की जारी रैंकिंग में पढ़ाई-लिखाई और अनुशासन जैसे मानकों पर पूर्वांचल के सरकारी स्कूल अव्वल रहे। प्रदेश के 823 विकासखंडों की ताजा रिपोर्ट में शीर्ष 10 में पूर्वांचल के ब्लॉकों को जगह मिली है।

प्रमुख बिंदु

- बलिया ज़िले के दो ब्लॉक बैरिया और मनियार क्रमशः पहले और दूसरे, जबकि बेलहारी नौवें स्थान पर है। चंदौली ज़िले का सकलडीहा तीसरे, जौनपुर ज़िले का केराकत चौथे, देवरिया ज़िले का भागलपुर पाँचवें, सलेमपुर सातवें व भलुआनी दसवें, भदोही ज़िले का अभोली व औराई क्रमशः छठवें व आठवें स्थान पर है। प्रयागराज ज़िले के कौड़िहार फर्स्ट को पूरे प्रदेश में 14वाँ स्थान मिला है।
- पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुज़फ्फरनगर ज़िले का खतौली 16वें, अलीगढ़ ज़िले का खैर ब्लॉक 49वें, मेरठ ज़िले का सरूरपुर 56वें, बरेली ज़िले का क्यारा 77वें, आगरा ज़िले का खेरागढ़ 97वें, मुरादाबाद ज़िले का दलिारी 218वें, जबकि रामपुर ज़िले का स्वार ब्लॉक रैंकिंग में 250वें स्थान पर है।
- लखनऊ के गोसाईगंज ब्लॉक को 319वीं रैंक मिली है, जो राजधानी के ब्लॉकों में से सर्वश्रेष्ठ है।
- ब्लॉकवार जारी रैंकिंग कई पैरामीटर पर तैयार की गई है। स्कूलों के जीर्णोद्धार के लिये चल रहे मिशन कायाकल्प, शिक्षकों की अनुपस्थिति, छात्रों की उपस्थिति, बैठकों आदि के आधार पर रैंकिंग की गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/government-schools-of-purvanchal-top-on-standards-like-education-and-discipline